# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

**( भाग-2 कार्यवाही प्रश्नोत्तर रहित )**

**शुक्रवार, तिथि 28,, जुलाई, 1989 ई०**

भारत के संविधान के उपबन्ध के अनुसार एकत्र विधान-सभा का कार्य-विवरण।

सभा का अधिवेशन पटना के सभा सदन में **शुक्रवार, तिथि 28 जुलाई, 1989** को पूर्वाह्न 9.00 बजे अध्यक्ष **श्री मो० हिदायतुल्लाह खाँ** के सभापतित्व में प्रारम्भ हुआ।

---

पटना

दिनांक : 28 जुलाई 1989

**विश्वनाथ त्रिवेदी**

सचिव

बिहार विधान-सभा

---

मुद्दों को लेकर हमलोगों ने कार्य--स्थगन प्रस्ताव दिया है, आप उसको स्वीकृत कर विचार नहीं कर रहे हैं, हमलोग पुनः अनुरोध करते हैं कि कार्य-स्थगन प्रस्ताव को स्वीकृत कर विचार करावें ।

(सदन में जोरों का शोरगुल)

**अध्यक्ष** : माननीय विरोध दल नेता आप एक आसन ग्रहण करें । सदन की कार्यवाही चलने दें । माननीय सदस्य श्री रामलाल सिंह अपना शून्यकाल की सूचना पढ़े ।

**(ख) मोहनियाँ थाना के पुलिस पदाधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की माँग :**

**श्री रामलाल सिंह** : अध्यक्ष महोदय, रोहतास जिले के अन्तर्गत मोहनियाँ थाना के जमींदार अनिल कुमार सिंह, नागेश्वर पासवान एवं सिपाही हीरा साह ने बेगुनाह डोमा मल्लाह ग्राम मोहनियाँ को दिनांक 19:7:89 को मार-मार कर हाथ एवं पैर तोड़ दिया है और जेल में बन्द कर दिया है । मैं माँग करता हूँ कि उक्त पुलिस पदाधिकारियों पर सख्त कार्रवाई किया जाय ।

**(ग) स्व० खां के परिवार को अनुदान की राशि भुगतान कर सरकारी सेवा में रखने का आग्रह :**

**श्री खलील अंसारी** : अध्यक्ष महोदय, स्व० श्री हसन रजा खां भू० पू० जिला अवर निबंधक, हजारीबाग की हत्या दिनांक 1 : 8 : 88 को कार्यालय से घर लौटते समय कर दी गयी थी ।

उनके परिवार को आजतक सरकार द्वारा अनुग्रह राशि या अनुदान की राशि नहीं दी गयी हैं और न ही उनकी पुत्री को

अनुकम्पा के आधार पर सरकारी सेवा में नियुक्ति की गयी हैं ।

अतः मैं सरकार से माँग करता हूँ कि स्व० खां के परिवार की दयनीय स्थिति को देखते हुये शीघ्र अनुदान की राशि भुगतान कर आश्रित का सरकारी सेवा में रखने का आदेश देने का कष्ट करें ।

## ( घ ) गंगा के कटाव को अविलम्ब रोकने की व्यवस्था

**श्री प्रमोद कुमार शर्मा** : अध्यक्ष महोदय, बेगुसराय जिलान्तर्गत मटिहानी प्रखंड में सिहमा, चाक एवं नया गाँव में भीषण गंगा का कटाव हो रहा है । गंगा के कटाव से स्थिति भयावह होती चली जा रही है । बेगुसराय शहर एवं औद्योगिकि प्रतिष्ठान के बचाव हेतु सुरक्षात्मक बाँध से कटाव स्थल मात्र 800 फीट लगभग है । लगातार चार वर्षों से गंगा कटाव से किसानों की भूमि एवं गृह गंगा में विलीन हो गयी है । अतः सरकार से माँग करता हूँ कि तत्काल गंगा के कटाव को रोकने हेतु अविलम्ब व्यवस्था की जाय ।

## ( ङ ) बैंक डकैती, लुटपाट एवं हत्या की घटनाओं को रोकने के लिए दोषी पुलिस पदाधिकारी पर कठोर कार्रवाई की माँग ।

**श्रीमति राजमति देवी** : अध्यक्ष महोदय, पटना जिला के बिहटा थाना क्षेत्र अन्तर्गत सिमरी ग्राम से दिनांक 27 : 7 : 89 को पंजाब नेशनल बैंक में डाका पड़ा, जिसमें करीब 25 हजार रुपये लुट लिये गये । इस तरह की बैंक डकैती, लुट-पाट तथा हत्या की घटनायें बिहटा थाना क्षेत्र के अन्तर्गत बराबर होती रहती है ।